# लखनऊ में दिल्ली की तर्ज पर विकसित होगी एयरो सिटी

**बदलता लखनऊ**

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली की तर्ज पर लखनऊ में भी एयरो सिटी बनेगी। इसका विकास एयरपोर्ट के आस पास होगा। इसके लिए गहरू और रहीमाबाद गांव की जमीन को चिन्हित किया जा रहा है। करीब 1500 एकड़ में इसके विकास का प्रस्ताव है। सरोजनीनगर क्षेत्र के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने इसका प्रस्ताव तैयार कराकर सरकार को भेजा था। जिस पर एलडीए ने काम शुरू कर दिया है। शासन के निर्देश पर एलडीए जमीनों का सर्वे शुरू करा रहा है।

सरोजनीगर के अमौसी में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट है। दो नए टर्मिनल भी बनकर तैयार हो गये हैं। यहां से कानपुर के लिए नया एक्सप्रेस भी तेजी से बन रहा है। 104 किलोमीटर लम्बा नया आउटर रिंग रोड भी इसी के करीब है। जबकि कई डिफेंस इण्डस्ट्री भी इसके करीब हैं।

इसकी वजह से आने वाले दिनों में इस क्षेत्र में आवासीय, व्यावसायिक गतिविधियां और बढ़ेंगी। लोगों को आवास की जरूरत होगी। इसी को देखते हुए यहां एयरो सिटी का प्लान किया है। सरोजनी नगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने टीम से क्षेत्र का सर्वे कराया है। दिल्ली के एयरो सिटी का भी परीक्षण कराया। प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा था। शासन ने काम के लिए एलडीए को अधिकृत किया है।



**15 सौ करोड़ में एलडीए ने एयरो सिटी विकसित करने की तैयारी की**

- **सरोजनीनगर विधायक की पहल पर शासन ने एलडीए से मांगी रिपोर्ट**
- **गहरु, रहीमाबाद समेत तीन स्थानों पर चिह्नित की गई जमीन, सर्वे शुरू**

## सुल्तानपुर रोड पर भी देखी जा रही है जमीन

अगर गहरू व रहीमाबाद में एयरो सिटी के लिए पर्याप्त जमीन नहीं मिलती है तो इसे सुल्तानपुर रोड पर सीजी सिटी के आगे की तरफ ले जाया जाएगा। यहां पहले से एलडीए ने अपनी दो योजनाओं के लिए जमीन चिन्हित की थी। इसे वहां शिफ्ट किया जाएगा। सुल्तानपुर रोड पर अभी काफी जमीनें खाली हैं। यहां 1500 एकड़ जमीन मिल जाएगी।

## दिल्ली एयरो सिटी में खास

दिल्ली एयरो सिटी इन्दिरागांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनी हैं। यहा एक साथ तमाम बड़े होटल, रेस्त्रां, मॉल, स्टोर, कन्वेंशन सेंटर सहित तमाम आधुनिक वास्तुकला की इमारतें हैं। यात्रियों व पर्यटकों के लिए यह आकर्षण का केन्द्र है। एक ही जगह ठहरने, के साथ शापिंग का भी मौका मिलता है।

## यह सुविधाएं होंगी

लखनऊ की प्रस्तावित एयरो सिटी योजना में पांच से लेकर सात स्टार होटलों का प्रस्ताव होगा। बड़े रेस्त्रां, शापिंग मॉल, जिम, ओपन जिम, खूबसूरत पार्क, कांफ्रेंस के लिए विश्व स्तरीय कन्वेंशन सेंटर भी होगा। इसके अलावा शादी समारोह के लिए बेहतरीन लॉन, गार्डेन भी होंगे।